जल भरने चले हैं कांवड़िया | By Mukesh Kumar |

जल भरने चले हैं कांवड़िया
जल भरने चले हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया

ढोल पताकों से कांवड़ सजी है
भक्तों के तंबू में हलचल मची है
हरिद्वार की सजी नगरिया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया

शिव भक्तों की भक्ति देख लो
स्वागत वंदन इनका कर लो
लग जाए न इनको नजरिया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया

प्रेम भाव से कांवड़ लाओ
गंगा जल भोले को चढ़ाओ
देखो सावन की छाई बदरिया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया

जगह जगह होते हैं लंगर
सब पे कृपा करे शिव शंकर
देखे छाँव न देखे दुपहरिया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया
बम बम बोल रहे हैं कांवड़िया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%b2-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-m/